# प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना

## चर्चा में क्यों?

1 सितंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और **मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)** के 5.51 लाख लाभार्थियों को उनके आवासों की चाबियाँ सौंपी।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने अयोध्या, सोनभद्र और रायबरेली के पाँच लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबियाँ सौंपी, जबकि अन्य लाभार्थियों को वर्चुअल माध्यम से चाबियाँ सौंपी गई।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण) तथा मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पिछले चार वर्षों में उत्तर प्रदेश में लगभग 42 लाख आवास स्वीकृत किये गए।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड गोला के तहत ग्राम लंदनपुर ग्रंट में विकसित किये गए **बाबा गोकर्णनाथ ग्रामीण आवासीय परिसर की कार्य योजना** के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन भी किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार **आजीविका मिशन** के माध्यम से **महिलाओं के स्वयं सहायता समूह** गठित कर 52 लाख महिलाओं को स्वरोज़गार से जोड़ा गया है।
- उल्लेखनीय है कि राज्य की लगभग **70 प्रतिशत आवासों का मालिकाना हक महिलाओं को** दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना '**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)**' का शुभारम्भ **20 नवम्बर, 2016** को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा से किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-awas-yojana-mukhya-mantri-awas-yojana